# हवा चली

Language and Learning foundation
Strong Foundation, Stronger Future



कहानीः मुकेश मालवीय
चित्रः सुनीता

स्तर 1

# हवा चली
# Hawa Chali

---

लेखन : मुकेश मालवीय

चित्र : सुनीता

संपादकीय सहयोग : हीना परवीन

प्रथम संस्करण : 2023

मुद्रक :

लेआउट और डिजाईन : स्टेल्ला डिजाईन ऐंड प्रिंट

**प्रकाशक :**
लैंग्वेज ऐंड लर्निंग फाउंडेशन
डी – 26 , एन. डी. एस. ई. पार्ट – II
फ्रंट ग्राउंड फ्लोर , नई दिल्ली – 110049
फोन – 011-41092724


ISBN 978-81-957414-5-8

---


Language and Learning
foundation
*Strong Foundation, Stronger Future*

© Language and Learning Foundation
इस किताब के सर्वाधिकार सुरक्षित हैं। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बाद ही इस पुस्तक के किसी भी अंश का उपयोग किया जा सकता है।


# हवा चली



कहानीः मुकेश मालवीय
चित्रः सुनीता



हवा चली पहले बादल उड़े



फिर बूंद



हवा चली पहले

पत्ते उड़े फिर फूल






हवा चली

पहले टोपी उड़ी



फिर छतरी

# हवा चली




पहले चुनरी उड़ी

# फिर पगड़ी



हवा चली



पहले तागे उड़े



फिर रिक्शे

हवा चली



पहले बस्ते उड़े

# फिर बच्चे



हवा तो चलती रहती है चुपचाप। पर चलती हवा को देखना हो तो पता करना होता है कि हवा अभी किसके साथ चल रही है। हवा उसके साथ चलती है जो हवा के बिल्कुल नज़दीक है। आओ पढ़ के देखते हैं कि किस-किस को पता चला कि हवा उनके साथ उनके आस-पास ही है?

लैंग्वेज ऐंड लर्निंग फाउंडेशन (LLF) बच्चों में बुनियादी साक्षरता कौशल और पढ़ने की आदत के विकास के लिए कार्य करता है और इसी क्रम में बच्चों के लिए विविध प्रकार के बाल साहित्य की उपलब्धता पर ज़ोर देता है। पढ़ना सीख रहे बच्चों के लिए रोचक चित्रों के साथ बना बाल साहित्य उनके पढ़ने सीखने के सफ़र में गति उत्पन्न करता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए LLF, 5-9 साल के बच्चों के लिए उपयुक्त और रोचक बाल साहित्य की रचना कर रहा है जिसके तहत कहानी की किताबें विकसित की जा रही हैं।

LLF द्वारा प्रकाशित किताबें 5 से 9 साल तक के बच्चों को ध्यान में रखते हुए इन 3 स्तरों में रखी गई हैं।

**स्तर 1**

उन बच्चों के लिए जिन्होंने अभी-अभी पढ़ना शुरू किया है। इस स्तर की किताबों में रोचक चित्रों के साथ कुछ सरल शब्द या वाक्य होते हैं जिन्हें बच्चे आसानी से पढ़ सकते हैं। ऐसी किताबें बच्चों में पढ़ने के प्रति रुचि पैदा करने में महत्वपूर्ण हैं।

**स्तर 2**

उन बच्चों के लिए जो छोटे और सरल वाक्य पढ़ना सीख चुके हैं मगर अभी पढ़ने में निपुण नहीं हैं। इस स्तर की किताबों में बड़े और छोटे दोनों ही प्रकार के चित्रों के साथ सरल वाक्य होते हैं। ऐसी किताबें बच्चों को खुद से और किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

**स्तर 3**

उन बच्चों के लिए जो छोटे पाठ आसानी से पढ़ सकते हैं। इस स्तर की किताबों में चित्रों के साथ कई वाक्य एक साथ लिखे हो सकते हैं। इन किताबों में पात्रों और घटनाओं की संख्या अपेक्षाकृत अधिक होती है। ऐसी किताबें बच्चों को उनके सोचने समझने के दायरे विस्तृत करने में मदद करती हैं।

LLF
Language and Learning
foundation
Strong Foundation, Stronger Future